RAF SECTOR

NEWS CLIP

31/01/2024

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Patrika, Sagar, (MP)

आरएएफ व 107 वाहिनी बटालियन ने किया फ्लैग मार्च

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

राहतगढ़. सोमवार को रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ए/107 वाहिनी ने एसक्यू अख्तर जमाल (उप कमांडेंट) की मौजूदगी में थानों में जाकर परिचय अभ्यास किया। इस दौरान प्लाटून में प्लाटून कमान्डर नन्दी बाबू ओगिराला (सहा. कमा.) तथा अधीनस्थ अधिकारी- 08 अन्य सैनिक 33 उपस्थित हैं।

अख्तर जमाल ने बताया रैपिड एक्शन फोर्स का गठन दंगा या दंगो जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए किया गया है। जो की कम से कम समय में दंगो वाली जगह पर पहुंच कर परिस्थितियों को देखते हुए उसके अनुरूप कार्य करके निपटा जा सके। इसलिए रैपिड एक्शन फोर्स की एक कम्पनी को प्रत्येक दिन तीव्र प्रतिवाचन के लिए तैनात किया जाता हैं, ताकि किसी भी जिले में किसी प्रकार की आकस्मिक घटना होने पर घटना वाले स्थान पर तुरंत पहुंचा जा सके।

राहतगढ़. आरएएफ के जवानों ने किया नगर में किया फ्लैग मार्च।

जुटाई जानकारी: रैपिड एक्शन फोर्स के इस परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुए जमाल ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान पुलिस थाना का स्टाफ भी मौजूद रहा। वहां की भागोलिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक इत्यादि जानकारिया एकत्र की गई।

आरएएफ के जवानों के साथ एसआई भूपेंद्र विश्वकर्मा, एएसआई धनीराम चौधरी, संतोष विनोदिया, प्रधान आरक्षक संजय प्रजापति, आशाराम, विनय तिवारी, दीपेश सिकरवार ने फ्लैग मार्च किया। जो नगर के प्रमुख मार्ग बस स्टैंड, संजय मार्केट, युसुफ तिराहा, झंडा चौक, कांजी हाउस होते हुए संजय मार्केट बस स्टैंड के बाद पुलिस थाने पहुंचे।

Dainik Bhaskar, Sagar, (MP)

आरएएफ ने निकाला फ्लैग मार्च, थाने में पौधरोपण किया

रैपिड एक्शन फोर्स ने आगामी लोकसभा चुनाव के चलते फ्लैग मार्च निकाला।

बीना | आगामी लोकसभा चुनावों के चलते बीना में आरएएफ का फ्लैग मार्च निकाला। इसमें फोर्स के एडीशनल कमांडेंड और इंस्पेक्टर समेत रेपिड एक्शन फोर्स के 30 जवानों ने शहर में थाना प्रभारी और फोर्स से साथ फ्लैग मार्च निकाला। इसमें वर्तमान परिस्थितयों को देखते हुए अपराधों और भौगोलिक और सामाजिक स्थिति की जानकारी ली जा रही है। आरएएफ के जवानों ने थाना परिसर में पांच फलदार और छायादार वृक्षों के पौधे लगाए।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।